हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 निर्देशः गर्भवती महिलाओं में एएनसी पंजीयन में...



07 गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, समयबद्ध तरीके से पूरे...



## खबर संक्षेप

### नवागत एडीएम शालिनी श्रीवास्तव ने पदभार संभाला

**नलखेड़ा।** नवागत अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी सुश्री शालिनी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय आगर में अपना पदभार संभाल लिया है। वे रतलाम से स्थानांतरित होकर आगर जिले में पदस्थ की गई है।



### हर नागरिक तक पहुंचे पर्याप्त पेयजल : कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम द्वारा संचालित पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान यदि कहीं पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए तथा पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी सभी परियोजनाओं का ट्रायल रन कर तत्काल हैंडओवर किया जाए, निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए तथा लंबित परियोजनाओं में तेजी लाकर उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद अमूल्य है, इसलिए कहीं भी पेयजल व्यर्थ न बहने दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में नए बोर की आवश्यकता हो वहां बुजुर्गों एवं महिलाओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन किया जाए।

### 30 जून को मिली शिकायत, 1 जुलाई को आनन फानन में खेत पर पहुंच गया राजस्व अमला

# जमीन पर बुआई कराने पहुंचे तहसीलदार और पुलिस टीम पर हमला, महिला आरक्षक सहित कई घायल

### ग्राम पीलूखेड़ी में समझाइश देने के दौरान भड़के अतिक्रमणकारी, लाठी, कुल्हाड़ी और दरांती से किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्यामपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पीलूखेड़ी में एक विवादित जमीन पर बोवनी का कार्य कराने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल पर जानलेवा हमला कर दिया। समझाइश देने के दौरान अनावेदकों ने अचानक लाठी, कुल्हाड़ी और दरांती से हमला बोल दिया। इस झड़प में पीड़ित पक्ष के ट्रैक्टर चालक के सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं कानून व्यवस्था संभालने मौके पर मौजूद एक महिला आरक्षक भी घायल हो गई हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अहमदपुर थाना पुलिस ने तहसीलदार के शिकायती पत्र और पटवारी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। श्यामपुर तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पीलूखेड़ी में भोपाल रक्षाविहार डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले अवधेश सेंगर पिता कमलसिंह की करीब सवा तीन हेक्टेयर निजी कृषि भूमि खसरा नंबर 127/7, 126/2, 126/3 व अन्य है।

इस जमीन पर पिछले साल भी अवधेश सेंगर ने ही सोयाबीन की फसल बोई थी और लंबे समय से उन्हीं का कब्जा चला आ रहा है। लेकिन इस साल गांव के ही रहने वाले पर्वत सिंह, राजेंद्र सिंह और विश्राम सिंह द्वारा अवधेश सेंगर को अपनी ही जमीन पर बोवनी करने से रोका जा रहा था और अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।

#### 30 जून को मिला आवेदन, 1 जुलाई का पहुंचा अमला

पीड़ित भूमिस्वामी अवधेश सेंगर ने फसल बोने में आ रही बाधा और जान के खतरे को देखते हुए 30 जून को तहसील कार्यालय श्यामपुर में आवेदन देकर प्रशासनिक संरक्षण और पुलिस सहायता की मांग की थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले ने तुरंत कार्रवाई की और अगले ही दिन 1 जुलाई को अहमदपुर थाना प्रभारी को पत्र जारी कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

#### समझाने गए तो टूट पड़े आरोपी

शांति भंग होने की आशंका के चलते तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले और अहमदपुर टीआई खुद पुलिस बल और हल्का पटवारी सुमित मीना को साथ लेकर 1 जुलाई की दोपहर करीब 12.30 बजे मौके पर पहुंचे।

तहसीलदार ने बताया हम मौके पर पहुंचकर अनावेदक विश्राम सिंह, पर्वत सिंह आदि को समझाने का प्रयास कर रहे थे कि सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार इस भूमि के असली मालिक अवधेश सेंगर ही हैंर इसलिए उन्हें शांतिपूर्वक कृषि कार्य करने दिया जाए। लेकिन समझाइश के दौरान ही अनावेदक अचानक उग्र हो गए। देखते ही देखते आरोपी विश्राम सिंह, पर्वत सिंह, राजेंद्र सिंह, सीताबाई, क्षिप्रा बाई, कलावती बाई और उनके कुछ अन्य साथियों ने लाठी, कुल्हाड़ी और दरांती से अवधेश सेंगर और उनके सहयोगियों पर हमला बोल दिया। इस अचानक हुए हमले में खेत में ट्रैक्टर चला रहे अवधेश के सहायक के सिर में कुल्हाड़ी लाठी लगने से गहरी चोट आई। वहीं बीच-बचाव करने उतरीं पुलिस टीम की एक महिला आरक्षक को भी चोटें आईं।

#### पटवारी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज

घटना के तुरंत बाद मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया। शासन और तहसीलदार कार्यालय की ओर से अहमदपुर थाना प्रभारी को वैधानिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद हल्का नंबर 13 के पटवारी सुमित मीना पिता रविशंकर मीना ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। अहमदपुर पुलिस ने आरोपी विश्राम सिंह, पर्वत सिंह, राजेंद्र सिंह, सीताबाई, क्षिप्रा बाई और कलावती बाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर किया सम्मान

## लघु उद्योग निगम अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह पहुंचे मां के दरबार





**नलखेड़ा।** मप्र लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। मप्र लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सत्येंद्र भूषण सिंह शुक्रवार को माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। दर्शन पूजन उपरांत श्री सिंह सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज ( पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री सिंह के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी सुनील पाटीदार,रितेश सोनी, अनुज ठाकुर आदि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में माँ बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने वर्ष 2026-27 में उल्लेखनीय उपलब्धियां की अर्जित

### गेहूं उपार्जन, राशन वितरण और सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग आगर-मालवा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभागीय कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की गई हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी एम एल मालवीय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीदी का कार्य भी सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया है,जिले में वर्ष 2026-27 में शासन की महत्वपूर्ण योजना समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए कुल 42 केन्द्रों की स्थापना की गई। जिले के 29,307 किसानों से कुल 2,08,703.59 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जाकर 29,303 किसानों को राशि 547.81 करोड़ का भुगतान संबंधित किसानों को सफलतापूर्वक किया गया है।

#### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तहत लाभांवित परिवार

आगर जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधान अनुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली तहत अन्त्योदय परिवारों 8,593 के कुल 28,996 सदस्य एवं प्राथमिकता परिवार 1,04,862 के कुल 4,27,297 सदस्य, इस प्रकार कुल 1,13,458 परिवारों के 4,56,293 सदस्यों को लाभांवित कर प्रतिमाह अग्रिम आवंटन के उठाव में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।



#### सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य

कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर प्रदेश में गत 7 माह तक प्रथम रैंकिंग हासिल की गई है। इस उपलब्धि पर 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को विभाग को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। आयुक्त ने भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

#### आवश्यक वस्तु अधिनियम तहत कार्रवाई

विभाग द्वारा वर्ष 2026 में घरेलू गैस सिलेण्डर के व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के उल्लंघन पर 05 प्रकरणों में राशि 23,05,464 का अर्थ दंड अधीर आरोपित किया गया है एवं म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किये जाने वाले चावल का अवैध परिवहन एवं दुरुपयोग करने के संबंध में एक प्रकरण में राशि 5,05,205 अधिरोपित की गई है।

## इछावर में सबसे ज्यादा बारिशः कीचड़ में फंसे वाहन और सड़क पर गिरा पेड़

**सीहोर।** मानसून सक्रिय है और बारिश का दौर जारी है। जिला भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, 2 जुलाई को जिले में औसतन 0.26 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही 1 जून से अब तक कुल औसतन 7.83 इंच वर्षा हो चुकी है।

गुरुवार को हुई बारिश में इछावर में सबसे अधिक 0.83 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई। सीहोर मुख्यालय पर 0.47 इंच और भैरूंदा में 0.43 इंच बारिश हुई। बुधनी में 0.16 इंच, रेहटी में 0.17 इंच और आष्टा में 0.04 इंच बारिश दर्ज की गई। श्यामपुर और जावर केंद्रों पर बारिश नहीं हुई।

**आष्टा में सबसे ज्यादा कुल बारिश :** 1 जून से अब तक के आंकड़ों के अनुसार, आष्टा में सबसे अधिक 11.50 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके बाद भैरूंदा में 10.71 इंच और इछावर में 9.76 इंच वर्षा हुई है। जावर में 6.98 इंच, सीहोर में 6.96 इंच, बुधनी में 6.81 इंच और रेहटी में 6.39 इंच बारिश दर्ज की गई है। श्यामपुर में अब तक सबसे कम 3.54 इंच वर्षा हुई है।



**बारिश के बाद कई इलाकों में यातायात प्रभावितः** मानसून की पहली तेज बारिश के बाद जिले के कई इलाकों में यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। चंदेरी गांव, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बोरदी क्षेत्र में कीचड़ और पेड़ गिरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चंदेरी गांव के मुख्य मार्ग पर सड़क पर जमा मिट्टी बारिश के पानी से मिलकर दलदल में बदल गई। इस कीचड़ में एक भारी ट्रक फंस गया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा।

## यात्रियों की मांग को सांसद विधायक ने किया पूरा, ओवरनाइट का हुआ स्टॉपेज

**सीहोर।** सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय ने यात्रियों की मांग को पूरा कर दिया है। श्रद्धालु यात्रियों नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ओवरनाइट इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का स्टापेज हो गया है। गुरूवार रात को पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के द्वारा सीहोर रेलवे स्टेशन पर शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अतिथियों के रूप में सम्मिलित होकर सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय हरी झंडी दिखाकर ट्रेन के ठहराव का विधिवत शुभारंभ करेंगे।





विधायक सुदेश राय ने कहा कि ओवरनाइट इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का स्टॉपेज का लाभ शहर के व्यापारियों के साथ डेली अप डाउनर्स और कुबेरेशवर धाम आने वाले देश भर के श्रद्धालुओं को मिलेगा। इंदौर और जबलपुर आना जाना नागरिकों के लिए सुविधाजनक होगा। कोरोना काल से बंद इस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग नागरिकों के द्वारा की जा रही थी। इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री को भी पत्र लिखा गया था। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22191 इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव रहेगा।

### ग्रामीण बीबीजी राम जी का ग्राम पाटन में हुआ शुभारंभ

# अब मजदूरों को मिलेगा 125 दिन काम और 327 रुपए रोजः विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण बीबीजी राम जी के जिले में भव्य शुभारंभ को लेकर ग्राम पाटन में गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ग्रामीणों के द्वारा लाइफ सूना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए।

ऐतिहासिक जिलास्तरीय कार्यक्रम से ग्राम पाटन सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों में हर्ष खुशी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय का जौरदार स्वागत कर अभिनंदन किया।




विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्रामीणों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों के सृजन और आजीविका को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण विकसित भारत-बाबाजी राम जी अधिनियम को लाया गया है। बीबी जीरामजी योजना से अब ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को नियमित 125 दिन से अधिक पक्का काम और मजदूरी के रूप में प्रतिदिन 327 रूपये मिलेंगे।

उन्होने कहा कि बीबी जीरामजी योजना से ग्रामीण के जीवन स्तर में सूधार होगा और सशक्त ग्राम समृद्ध भारत विकसित राष्ट्र के संकल्प को भी हमसब मिलकर पूरा करेंगें। विधायक राय ने भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में ग्रामीण क्षेत्रों की भागीदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय के निर्देशन में सशक्त ग्राम समृद्ध भारत विकसित राष्ट्र का संकल्प लिया और ग्राम पंचायत परिसर में पर्यावरण संवर्धन का संदेश देते हुए सघन पौधरोपण किया। विधायक राय ने उपस्थित ग्रामीणों से पौधों की उचित देखरेख करने का आग्रह भी किया।

जिला पंचायत की सीईओ सर्जना यादव,जनपद पंचायत सीइओ नामिता बघेल वकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण बीबीजी राम जी की विस्तुत जानकारी दी।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय का पुष्प मालाऐं पहनाकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मेवाडा, भूपेंद्र पाटीदार,भाजपा जिलामंत्री गिरीश सोलंकी लालू बना, सांसद प्रतिनिधि गायाराम गौर,दिनेश मेवाड़ा,मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, सरपंच राकेश पटेल, एलम सिंह दांगी, प्रदीप वर्मा सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी भाजपा कार्यकर्ता छात्र छात्राऐं महिलाऐं उपस्थित रहे।

### मठ-मंदिर की दान पेटी तोड़ने वाला चोर गिरफ्तार

## सवा लाख बरामद, आरोपी ने सीहोर और आष्टा के दो मंदिरों में चोरी कबूली





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस ने गुरुवार को मठ मंदिर में चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी हुए करीब सवा लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने सीहोर और आष्टा के दो अन्य मंदिरों में भी चोरी की वारदातें कबूल की हैं।

यह मामला 30 जून को सामने आया था, जब ब्रह्मानपुर कस्बा सीहोर निवासी सीताराम ने पुलिस को सूचना दी। सीताराम, मठ मानस समिति के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी ने दान पेटी का ताला टूटा होने की जानकारी दी थी। समिति सदस्यों ने मौके पर जाकर देखा तो मंदिर का गेट और दान पेटी का नकुचा टूटा था, जिससे अज्ञात चोर पैसे चुरा ले गया था।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग टीमें गठित कीं। पुलिस ने मंदिर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घटना स्थल के आसपास सघन चेकिंग व सर्चिंग अभियान चलाया। इन प्रयासों के बाद पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

**आरोपी ने सीहोर और आष्टी में की चोरी कबूली :** गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज उर्फ राजू पिता नान सिंह बारेला (20) निवासी ग्राम बसंतपुर टांडी, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर के रूप में हुई है।

आरोपी ने मठ मंदिर की चोरी के अलावा सीहोर के करौली माता मंदिर और आष्टा के माता मंदिर में भी चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी थाना भैरूंदा में चोरी के एक मामले में पकड़ा जा चुका है। संबंधित थानों को अन्य वारदातों की सूचना दे दी गई है।

**खबर संक्षेप**

## पशु हाट की व्यवस्था पर फूटा आक्रोश, बारिश में कीचड़ बना मुसीबत



**देवास।** शहर के पशु हाट बाजार में इन दिनों अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। लगातार हो रही बारिश के कारण पूरे बाजार परिसर में कीचड़ फैल गया है, जिससे वाहन धंस रहे हैं और पशुपालकों व व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग फिसलकर गिर रहे हैं, बावजूद इसके नगर निगम द्वारा अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। जिला शहर अध्यक्ष हफिज घोसी ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व नगर निगम आयुक्त को आवेदन देकर बाजार में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था, लेकिन आज तक निगम प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि बाजार में न तो पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। घोसी ने निगम प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम समय पर शुल्क की वसूली तो करता है, लेकिन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। इससे पशुपालकों और व्यापारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही बाजार की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन पशु हाट बाजार को सड़क पर लगाने का निर्णय लिया जाएगा। यदि इसके बाद भी प्रशासन नहीं जागा तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। इस दौरान लाखन सिंह, जाकीर, मुस्तकिम, गुड्डू पटेल, ईश्वर सिंह, सबु भाई, मास्टर भेरू हाजी, देव सिंह, नकूल दरबार, चेतन, जितेन्द्र सहित अनेक लोगों ने उपस्थित रहकर नगर निगम के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ज्वाइंट मीटिंग के दिए निर्देश

# निर्देश: गर्भवती महिलाओं में एएनसी पंजीयन में लाएं सुधार, मॉडरेट एनीमिया में प्रबंधन जरूरी

### जिले की निर्धारित स्वास्थ्य संस्थाओं में एंटीरेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. आर पी परमार, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास साबिर अहमद सिद्धिकी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वंदना केसरी, सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी, बीएमओ, सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि बीएमओ और सीडीपीओ की प्रत्येक शनिवार को ज्वाइंट मीटिंग आयोजित की जाएं, जिसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की संयुक्त समीक्षा कर आंकड़ों का मिलान किया जाएं। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा कहा कि जिन संस्थाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका हस्तांतरण कर आगामी कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने जिले की निर्धारित स्वास्थ्य संस्थाओं में एंटीरेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एनीमिया के प्रबंधन में महिलाओं की सोनोग्राफी से पहले ब्लड टेस्ट एवं बीपी की जांच हो जाना चाहिए इससे सीवियर एनीमिक महिलाओं के प्रबंधन में सुधार हो सकेगा। जिले के समस्त कार्यक्रम अधिकारी प्रति माह राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि की समीक्षा कर विस्तृत कार्य योजना बनाकार शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं में एएनसी पंजीयन की स्थिति में सुधार लाएं। मॉडरेट एनीमिया में प्रबंधन बहुत आवश्यक है। डाटा एंट्री में किसी तरह का गैप नहीं आना चाहिए। माडरेट एनीमिया प्रबंधन नहीं करने पर बीएमओ कन्नौद को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकासखंड कन्नौद में लैब टेक्नीशियन का प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करें। समग्र सामाजिक सुरक्षा आईडी अपडेशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने होम डिलीवरी की समीक्षा करते हुए कहा कि पहुंच विहीन क्षेत्र में तीन से चार दिन पहले गर्भवती महिलाओं को नियर ईडीडी के समय भर्ती कराया जाए।

### करें नोटिस जारी

बागली विकासखंड की आशा तथा एएनएम को नोटिस जारी किया जाए कि होम डिलीवरी इतनी ज्यादा क्यों है? इनकी समझाइश में कमी है। जहां होम डिलीवरी की संख्या ज्यादा है उस विकासखंड की आशा एवं एएनएम को नोटिस जारी किए जाएं तथा उनको निर्देशित किया जाए कि गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग कर उन्हें प्रसव से पूर्व ही बर्थ वेटिंग रूम में एडमिट कराया जाए जाए। कलेक्टर ने कहा कि निजी वाहनों से गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संस्था तक प्रसव हेतु लाने वाले गांव के अन्य व्यक्तियों या सामान्य सामाजिक संस्थाओं को प्रोत्साहन राशि देकर नवाचार कर होम डिलीवरी को कम किया जा सकता है और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया जा सकता है। विकासखंड बरोठा में होम डिलीवरी मामले में संबंधित एएनएम को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

### अभियान की समीक्षा की

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जन आरोग्य समिति एवं आरकेएस से भी व्यय किया जा सकता है। बैठक में दस्तक अभियान की समीक्षा की गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने बताया कि दस्तक अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान बच्चों को ओआरएस के पैकेट एवं जिंक की गोलियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही विटामिन-ए सप्लीमेंटेशन एवं आयरन सप्लीमेंटेशन भी किया जाएगा। अभियान के दौरान 01 लाख 89 हजार 458 बच्चों का डिजिटाइजेशन किया जाना है। अभियान में आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का दल संयुक्त रूप से कार्य करेगा। मॉल न्यूट्रिशन के बच्चों का आईडेंटिफिकेशन एवं रेफरल भी किया जाना है। उन्होंने बताया कि बच्चों को ओआरएस देने की मात्रा का आशा को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा तथा संस्था स्तर पर ओआरएस कॉर्नर भी बनाया जाएगा। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, एनसीडी कार्यक्रम, आरबीएसके के एवं सीडीआर की भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि अवैध क्लिनिकों एवं झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि बीएमओ स्वयं जाकर मॉनिटरिंग करें तथा आवश्यकतानुसार राजस्व विभाग के साथ संयुक्त दल बनाकर कार्यवाही करें। मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन नवीन पदस्थ चिकित्सकों द्वारा जॉइनिंग दी गई है वह नियमित उपस्थित हैं या नहीं इसकी जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को उपलब्ध कराए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रति माह खंड चिकित्सा अधिकारियों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी जो खंड चिकित्सा अधिकारी अच्छा काम करेंगे उन्हें प्रोत्साहन दिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा कर समीक्षा की। समीक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के पंजीयन में परियोजना टोंकखुर्द, सोनकच्छ एवं खातेगांव का प्रतिशत जिले की अन्य परियोजना से काफी कम होने से परियोजना टोंकखुर्द एवं सोनकच्छ की समस्त पयवेक्षकों के 5-5 दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिये।

### करें दंडात्मक कार्रवाई

उन्होंने परियोजना अधिकारी खातेगांव एवं टोंकखुर्द की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने किलकारी अभियान के तहत सभी भर्ती बच्चों के नियमित फॉलोअप लेने, निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की महिलाओं के बच्चे जन्म लेने के कारण उक्त क्षेत्रों की 105 आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए 3-3 दिवस का मानदेय कटौत्रा किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि बाल विवाह होता है तो उस क्षेत्र कि आंगनवाडी कार्यकर्ता, सेक्टर पर्यवेक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। किलकारी अभियान की सफलता को देखते हुए जिले की समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को मासिक लक्ष्य अनुसार भर्ती कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही उनका फॉलोअप भी करावाने हेतु समस्त परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 04 जुलाई को हाटपीपल्या विधानसभा के ग्राम सन्नौड़ आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सन्नौड़ में स्थित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया।

कलेक्टर सिंह ने विद्यालय परिसर का सघन निरीक्षण कर, कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में कक्षाओं का अवलोकन कर वहां उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं व बुनियादी ढांचे को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन और विद्युत मंडल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, सुचारू विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## शहर के वारसी नगर निवासी बिलाल दुर्रानी को गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार



**देवास।** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कथित स्लीपर सेल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मध्य प्रदेश के जिले का एक युवक भी शामिल है। एटीएस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी बिलाल दुर्रानी मोहम्मद अम्मार घाघा (18) देवास शहर के वारसी नगर का निवासी है। उस पर जैश-ए-मोहम्मद के स्लीपर सेल से जुड़े होने का आरोप है। उसे गुजरात एटीएस ने अपने विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों को गुजरात में जैश-ए-मोहम्मद के स्लीपर सेल के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इसके बाद गुजरात के पालनपुर, पाटन, नवसारी और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों पर एक साथ कार्रवाई करते हुए कुल 8 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि उनके नेटवर्क, संपर्कों और गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई जा सके। फिलहाल देवास निवासी आरोपी से भी पूछताछ जारी है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि उसका नेटवर्क कितना व्यापक था और किन-किन लोगों से उसका संपर्क था।

# 15 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




उज्जैन भूमि प्रकरण पर मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से जवाब कब देंगे ? क्या सरकार पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने को तैयार है ? एक रुपये अथवा रियायती दर पर किन-किन ट्रस्टों एवं संस्थाओं को सरकारी भूमि आवंटित की गई? इसकी पूरी सूची सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही ? ऐसे अनेक प्रश्नों को लेकर आज जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि महाकाल लोक सहित सार्वजनिक परियोजनाओं में उठे सवालों की निष्पक्ष जांच अभी तक नहीं हुई। चौधरी ने बताया कि कांग्रेस, छात्रों की गूंज₹ अभियान के तहत आगामी 14–15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक युवाओं को साथ लेकर साईकिल रैली साईक्लोथान का आयोजन करने जा रही है। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े चंदे और वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सार्वजनिक हुए आरोप, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े हैं। कांग्रेस का मानना है कि आस्था से जुड़े किसी भी संस्थान में यदि वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो उनकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास अक्षुण्ण बना रहे। गौतम ने कहा कि किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया, पर्याप्त बिजली और अन्य कृषि आदान उपलब्ध कराने में सरकार विफल रही है। खाद की कालाबाजारी बदस्तूर जारी है। उन्होंने आगे कहा कि नीट एवं सीबीएसई परीक्षा से जुड़े विवादों तथा विद्यार्थियों की शिकायतों ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। प्रभावित विद्यार्थियों ने न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें समय पर राहत नहीं मिली। प्रेस वार्ता में संगठन महासचिव जितेंद्र सिंह गौड़, प्रवक्ता हारिस गजधर, मनोज सांगते, रोशन रायकवार, राजा पडियार, शकील डिप्टी, रूपेश कल्याणे, नीरज नागर, अविनाश जेठवा आदि मौजूद रहे।

# घायल बाघ युवराज का वन विहार में हो रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



खिवनी अभयारण्य, देवास में आपसी संघर्ष में गंभीर रूप से घायल हुए नर बाघ 'युवराज' का वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल के रेस्क्यू सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बाघ को 27 जून 2026 को रेस्क्यू कर वन विहार लाया गया था। शुक्रवार को उसकी स्थिति का विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण राज्य पशु चिकित्सालय, जहांगीराबाद के वरिष्ठ वेटरिनरी सर्जन डॉ. एस.के. तुमड़िया, वन विहार के वरिष्ठ वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल गुप्ता तथा वन विहार के पशु चिकित्सक डॉ. विनीत द्वारा किया गया।प्रारंभिक जांच में पाया गया कि बाघ के आगे के दोनों पैर और पिछले बाएं पैर में गहरे घाव हैं। एक्स-रे परीक्षण से आगे के दोनों पंजों में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। उसके पिछले बाएं पैर में गहरा घाव होने के कारण छह टांके लगाए गए हैं। उपचार के दौरान बाघ की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल की जा रही है। डॉ. अतुल गुप्ता घायल बाघ की स्थिति की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।निरीक्षण के दौरान वन विहार के संचालक विजय कुमार, सहायक संचालक डॉ. रूही हक तथा सफारी प्रभारी सीता काकोड़िया भी उपस्थित रहीं।

### सेफ क्लिक 2.0 के तहत साइबर सुरक्षा को जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम तेज

# पुलिस ने विद्यार्थियों, आमजन से व्यापक स्तर पर किया संवाद






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान ₹सेफ क्लिक 2.0₹ के अंतर्गत शुक्रवार को अभियान के 10वें दिन जिला देवास के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया। विद्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर चौपाल एवं जनसंवाद आयोजित कर नागरिकों को साइबर अपराधों के नए तरीकों से अवगत कराया गया तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, फर्जी केवाईसी अपडेट, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी निवेश योजनाओं एवं अन्य साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल रिपोर्टिंग के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

अभियान के अंतर्गत थाना कांटाफोड़ द्वारा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, चंदकेसर बांध में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ के साथ साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें साइबर अपराधों की रोकथाम एवं राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी दी गई। थाना उदयनगर द्वारा कस्बा उदयनगर में साइबर चौपाल आयोजित कर आमजन से जनसंवाद किया गया तथा सुरक्षित डिजिटल लेन-देन एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इसी क्रम में सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।थाना कन्नौद पुलिस द्वारा मेवाती मोहल्ला इमामबाड़ा में जनचौपाल आयोजित कर क्यूआर कोड फ्रॉड, ऑनलाइन भुगतान संबंधी धोखाधड़ी, ओटीपी साझा न करने एवं साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करने के संबंध में नागरिकों को जागरूक किया गया। थाना औद्योगिक क्षेत्र द्वारा आयशर कंपनी में कर्मचारियों के साथ संवाद कर साइबर सुरक्षा के साथ-साथ नागरिकों के कानूनी अधिकारों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।थाना नाहर दरवाजा द्वारा शासकीय विद्यालय क्रमांक-3 में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं शीतला माता मंदिर एवं नूरी मस्जिद परिसर में आयोजित जनचौपाल के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

इसी क्रम में थाना विजयागंज मंडी द्वारा ग्राम रालामंडल स्थित एग्रो स्पेस कंपनी के कर्मचारियों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पिन एवं पासवर्ड किसी से साझा न करने तथा फर्जी केवाईसी अपडेट संबंधी कॉल से सावधान रहने की समझाइश दी गई। थाना पीपलरावां द्वारा इकलेरा माताजी परिसर में आयोजित जनचौपाल में उपस्थित नागरिकों को साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने की सलाह दी गई।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई सात पेटी पेटी मदिरा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा देवास के रेवाबाग में कार्रवाई की 07 पेटी देशी मदिरा जब्त की।जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया ने बताया कि आबकारी विभाग देवास द्वारा शुक्रवार को वृत्त देवास (अ) में मुखबिर से सूचना के आधार पर रेवाबाग में कार्रवाई की, जिसमें 04 पेटी देशी मदिरा मसाला एवं 03 पेटी देशी मदिरा प्लेन कुल 63 बल्क लीटर मदिरा बरामद की। विभाग द्वारा मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 33400 रुपये है। आरोपी मौके से फरार हो गया। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जयसवाल, सुरेंद्र वर्षी, निहाल खत्री, आशीष गुप्ता, निकिता परमार सम्मिलित थे।

## खबर संक्षेप



### सौजना पुलिस ने सात वारंटी गिरफ्तार किए

**ललितपुर**। जिले में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सौजना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सात वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में की गई। थानाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गौना में दबिश देकर न्यायालय से जारी वारंटों के आधार पर सात वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूका पुत्र हल्कुआ, मिरचुआ पुत्र बूठा, पंखुआ पुत्र बूठा, भग्गी पुत्र मुल्ला, फुलुआ पुत्र हल्कुआ, बिन्दा पुत्र हल्कुआ तथा रामस्वरूप पुत्र फुलुआ शामिल हैं। सभी आरोपी थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम गौना के निवासी हैं। पुलिस ने सभी वारंटियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में फरार एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और न्यायालय से जारी वारंटों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखना है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और ऐसे अभियानों को आगे भी लगातार जारी रखा जाएगा।

### आधार मशीन ठप, अधर में बच्चों का भविष्य

**ललितपुर**। विकास खंड बार के खंड शिक्षा कार्यालय में आधार कार्ड पंजीकरण प्रणाली ठप होने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों का स्कूलों में दाखिला अधर में लटक गया है, जिसको लेकर भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को ज्ञापन देकर आधार कार्ड मशीन का संचालन कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा स्कूलों में नए प्रवेश के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। बार ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित आधार मशीनें या तो अक्सर खराब रहती हैं या फिर वहां तैनात स्टाफ नदारद रहता है। इसके चलते प्रतिदिन दूर-दराज के गांवों से आने वाले सैकड़ों मजदूर और किसान परिवार बिना काम कराए लौटने को मजबूर हैं। नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया तेजी पर है। बिना आधार कार्ड के कोई भी विद्यालय बच्चों का नामांकन नहीं कर रहा है। ऐसे में गरीब अभिभावक अपनी दैनिक मजदूरी छोड़कर प्रतिदिन खंड शिक्षा कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। शीघ्र ही बार बीआरसी में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था सुचारू नहीं की गई, तो क्षेत्र के सैकड़ों गरीब बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने सदर विधायक से मांग की है कि अधिकारियों को निर्देशित कर कैंप मोड में बच्चों के आधार कार्ड बनवाए जाएं ताकि उनका भविष्य अंधकारमय होने से बच सके। ज्ञापन पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसौदिया, हेमेंद्र परमार, राजासाबू बुंदेला, सेवेंद्र सिंह, हन्नू कुशवाहा के हस्ताक्षर हैं।

### क्विड कार की डिग्गी से 23 पेटी अवैध शराब जब्त

**नटेरन**। नटेरन में एक क्विड कार से अवैध शराब बरामद की गई है। पुलिस ने कार को रोका और गाड़ी चेक की तो जित्तू कुशवाह निवासी बासोदा भाग गया और फरीद मसूरी निवासी बासौदा पकड़ा गया। गाड़ी की डिग्गी में 23 पेटी देसी शराब मिली। फरीद से शराब व गाड़ी जब्त की गई है। फरार जीतू की तलाश जारी है। कार्रवाई में टीआई मोहर सिंह मंडेलिया, उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, एएसआई जीडी शर्मा की भूमिका रही।

## नेहरू नगर में सीसी सड़क का लोकार्पण, जुगपुरा में विकास कार्यों का भूमिपूजन

# गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, समयबद्ध तरीके से पूरे होंगे सभी निर्माण: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



नगर के समग्र एवं संतुलित विकास को गति देते हुए नगर पालिका ने शुक्रवार को वार्ड संख्या 03 (नेहरू नगर) और वार्ड संख्या 08 (जुगपुरा) में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की शुरुआत की।

नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ नेहरू नगर में नवनिर्मित सीसी सड़क एवं नाली का लोकार्पण किया, जबकि जुगपुरा में पाँच नई सीसी सड़क एवं नाली निर्माण परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत कर नगर में तेजी से हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। क्षेत्रवासियों ने बताया कि वर्षों से जर्जर सड़कों और जलभराव की समस्या के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती थी, लेकिन इन निर्माण कार्यों के पूरा होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और बुनियादी सुविधाओं में सुधार आएगा। लोकार्पण एवं भूमिपूजन के बाद पालिका अध्यक्ष ने दोनों वार्डों का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सीसी सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं तथा सभी परियोजनाओं की नियमित निगरानी स्वयं की जा रही है। पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अवर अभियंता खुशबू खान और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मोहनी दरोनिया, पार्षद प्रतिनिधि विवेक दारोनिया, अवर अभियंता खुशबू खान, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, बद्री कुशवाहा, शैलेन्द्र परिहार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## पटौराकला के खेत में वारदात की

# जमीन विवाद में खूनी संघर्ष युवक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम पटौराकला में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत पर काम कर रहे एक युवक पर दबंगों ने कथित रूप से लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे एक अन्य युवक के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बानपुर के ग्राम टीकरा तिवारी एवं वर्तमान निवासी सिद्धन मंदिर के पास निवासी रामकोटी तिवारी पुत्र हरनारायण तिवारी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पटौराकला स्थित खेत को लेकर उनका लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि 2 जुलाई को दोपहर लगभग 2 बजे जहान यादव, ध्यानी यादव (दोनों पुत्र श्रीलाल यादव) तथा बृजेन्द्र यादव पुत्र जहान यादव, निवासी ग्राम बैरवारा, अपने कुछ अन्य साथियों के साथ खेत पर पहुंचे। वहां उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने एक राय होकर हमला बोल दिया। एफआईआर के मुताबिक आरोपियों ने रामकोटी तिवारी के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और वे मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे देवेन्द्र तिवारी के साथी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल युवक ने उपचार के बाद कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस ने जहान यादव, ध्यानी यादव, बृजेन्द्र यादव तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


### तालबेहट रेलवे स्टेशन से मुख्य वाणिज्य लिपिक की बाइक चोरी

ललितपुर। तालबेहट रेलवे स्टेशन परिसर से एक रेल कर्मचारी की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब कर्मचारी अपनी नियमित ड्यूटी में व्यस्त थे। ड्यूटी समाप्त होने पर स्टेशन परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल गायब मिली। शिकायत के आधार पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झांसी जिले के बबीना कैंट निवासी आशीष गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता, तालबेहट रेलवे स्टेशन पर मुख्य वाणिज्य लिपिक (चीफ कमर्शियल क्लर्क) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 16 जून 2026 को वह अपने भाई अमित कुमार गुप्ता के नाम से पंजीकृत स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (नंबर यू.पी. 93 ए.एफ. 1137) से ड्यूटी पर पहुंचे थे। रोजाना की तरह उन्होंने अपनी लाल-काले रंग की मोटरसाइकिल रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी कर दी और अपनी निर्धारित ड्यूटी में चले गए। ड्यूटी पूरी होने के बाद जब वह वापस लौटे तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। उन्होंने स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चल सका। अपने स्तर पर खोजबीन के बाद आशीष गुप्ता ने जीआरपी ललितपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## गूगल मीट में एसपी ने सख्त निर्देश दिए

# 60 व 90 दिन की समय सीमा में पूरी हों विवेचनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिले में लंबित विवेचनाओं और जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को गूगल मीट के माध्यम से जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में लंबित प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक विवेचना का निस्तारण विधिक प्रावधानों के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि 60 और 90 दिन की निर्धारित समयसीमा वाली विवेचनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और लंबित मामलों का बोझ कम हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विकसित ललितपुर मॉनिटरिंग डैशबोर्ड की कार्यप्रणाली की भी विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस डिजिटल पोर्टल के माध्यम से सभी लंबित विवेचनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रकरणों को उनकी प्रगति के आधार पर ग्रीन, येलो और रेड जोन में वर्गीकृत किया गया है, जिससे अधिकारियों को प्रत्येक मामले की वास्तविक स्थिति का तुरंत आकलन हो सके। रेड जोन में शामिल मामलों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके शीघ्र निस्तारण और नियमित पर्यवेक्षण के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जनसुनवाई और जनशिकायतों के समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण, लंबित मामलों की नियमित समीक्षा, विवेचकों की जवाबदेही तय करने तथा तकनीक आधारित डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना, पारदर्शी कार्यप्रणाली और समयबद्ध कार्रवाई ही पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करने का आधार है। अधिकारियों और विवेचकों को जवाबदेही और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का कहा।

## प्लॉट से नाली निकालने पर विवाद

# विरोध करने पर पिता-पुत्रों ने लाठी-डंडों से हमला किया

**ललितपुर**। थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम लिधौरा में प्लॉट से जबरन नाली निकालने को लेकर विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर एक ही परिवार के चार लोगों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर महिलाओं सहित पांच लोगों को घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लिधौरा निवासी गब्बर सिंह पुत्र औसाव सिंह यादव ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 1 जुलाई की शाम करीब 7 बजे गांव के मेघराज पुत्र अपरबल यादव तथा उसके पुत्र भान सिंह, गिरवर सिंह और विक्रम सिंह उनके निजी प्लॉट से जबरन नाली निकलवा रहे थे। जब परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर एक राय होकर लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। मारपीट में सोवरन सिंह, अनार सिंह, दीवान, रामरानी तथा ज्ञान सिंह घायल हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में मेघराज, भान सिंह, गिरवर सिंह और विक्रम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जनजागरूकता कार्यक्रम किया

# प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर जिला गंगा समिति ने बांटे जूट के थैले



**ललितपुर**। प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति, नमामि गंगे के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्रा रहे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को प्लास्टिक प्रदूषण से पर्यावरण, नदियों एवं जलस्त्रोतों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए एकल-उपयोग प्लास्टिक का बहिष्कार करने और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा जूट से बने पर्यावरण-अनुकूल थैलों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के स्थान पर जूट एवं कपड़े के थैलों का उपयोग करना समय की आवश्यकता है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि नदियों और जलस्त्रोतों को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए जागरूक करने का संदेश दिया। उपस्थित सभी लोगों ने अपने दैनिक जीवन में जूट एवं कपड़े के थैलों का उपयोग करने तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक से दूरी बनाए रखने का संकल्प लिया।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर चौकी प्रभारी निलंबित

**ललितपुर**। जनशिकायतों और आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम) प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने थाना तालबेहट क्षेत्र की तेरई फाटक चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक बलराम शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस विभाग से जारी प्रेस नोट के अनुसार, उपनिरीक्षक बलराम शर्मा पर जनशिकायतों एवं आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में अपेक्षित रुचि नहीं लेने, नियमानुसार प्रभावी विधिक कार्रवाई न करने तथा शासकीय कार्यों के निर्वहन में शिथिलता बरतने के आरोप पाए गए। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही पूरे मामले में विभागीय कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है, ताकि आरोपों की विस्तृत जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनपद में जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा की प्रथम पाली संपन्न

# 3,106 अभ्यर्थियों में 2,887 ने दी परीक्षा, 219 अनुपस्थित रहे

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)- 2026 की प्रथम पाली शुक्रवार को जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और नकलविहीन माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की सतर्कता के चलते सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित साधनों के प्रयोग की सूचना नहीं मिली। जिला प्रबंधक डा.ओ.पी. चौधरी एवं नोडल अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रथम पाली में जनपद के 8 परीक्षा केंद्रों पर कुल 3,106 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2,887 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 219 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद का कुल उपस्थिति प्रतिशत 92.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रवार आंकड़ों के अनुसार पी.एन. इंटर कॉलेज में सर्वाधिक 94.25 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसके अलावा नेहरू महाविद्यालय (पार्ट-द्वितीय) और राजकीय इंटर कॉलेज में 93.75 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर 92 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जो परीक्षा के प्रति अभ्यर्थियों की गंभीरता को दर्शाता है। केन्द्र बार स्थिति देखें तो राजकीय बालिका इंटर कॉलेज 480 में 446 उपस्थित, 34 अनुपस्थित (92.92 प्रतिशत), श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज 384 में 355 उपस्थित, 29 अनुपस्थित (92.45 प्रतिशत), नेहरू महाविद्यालय (पार्ट-प्रथम) 384 में 354 उपस्थित, 30 अनुपस्थित (92.19 प्रतिशत), नेहरू महाविद्यालय (पार्ट-द्वितीय) 384 में 360 उपस्थित, 24 अनुपस्थित (93.75 प्रतिशत), राजकीय इंटर कॉलेज 480 में 450 उपस्थित, 30 अनुपस्थित (93.75 प्रतिशत), नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज 384 में 355 उपस्थित, 29 अनुपस्थित (92.45 प्रतिशत), रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय 384 में 354 उपस्थित, 30 अनुपस्थित (92.19 प्रतिशत), पी.एन. इंटर कॉलेज 226 में 213 उपस्थित, 13 अनुपस्थित (94.25 प्रतिशत) रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का पालन कराया गया। अधिकारियों द्वारा लगातार केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया। जिला प्रबंधक डा.ओ.पी. चौधरी और नोडल अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराया गया। प्रथम पाली के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र से कोई अप्रिय घटना अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग की सूचना प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने सभी के सहयोग की सराहना की।

## ललितपुर में करोड़ों का सर्राफा घोटाला

### 6.63 किलो सोना हड़पने के आरोप में राजकोट के दो कारोबारियों पर एफआईआर

**ललितपुर**। सराफा कारोबार से जुड़े करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। पश्चिम बंगाल के एक स्वर्ण व्यवसायी ने गुजरात के राजकोट स्थित दो सर्राफा कारोबारियों पर करीब 6 किलो 630 ग्राम सोना हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों कारोबारियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पश्चिम बंगाल के जिला हुगली थाना ताड़केश्वर ग्राम अस्तरा और वर्तमान जैन कॉलोनी के सामने ललितपुर निवासी देवाशीष पुत्र नुकुलचन्द्र खाडा ने बताया कि वह ललितपुर में रहकर सर्राफा कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वे राजकोट से कच्चा सोना खरीदकर उससे आभूषण तैयार कराते हैं और तैयार माल की आपूर्ति ललितपुर, झांसी, उरई, लखनऊ और कानपुर सहित विभिन्न शहरों के सर्राफा बाजारों में करते हैं। राजकोट के सोनी बाजार स्थित जेके संस के संचालक लखन सेठ से उन्होंने लगभग 15 किलोग्राम सोने का व्यापार किया था। इस लेनदेन में अभी भी 3 किलो 800 ग्राम सोना मिलना बाकी है, जबकि इसके एवज में बैंक के माध्यम से लगभग 11 करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। देवाशीष ने अपनी शिकायत में राजकोट की दीप ट्रेडिंग के संचालक पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इस फर्म से 2 किलो 830 ग्राम सोना मिलना शेष है, जबकि इसके बदले करीब 7 करोड़ 9 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से पहले ही भेजे जा चुके हैं। आरोप है कि दोनों कारोबारियों ने करोड़ों रुपये प्राप्त करने के बाद भी कुल 6 किलो 630 ग्राम सोना देने से इनकार कर दिया और अमानत में खयानत करते हुए माल हड़प लिया। अपने दावों के समर्थन में बैंक स्टेटमेंट और लेनदेन से जुड़े दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराए। क्षेत्राधिकारी सदर एवं प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर 2 जुलाई 2026 को कोतवाली ललितपुर में तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## आचार्य श्री ससंघ का नगर प्रवेश, जैन समाज ने की अगुवाई

# गुरु उपकार कभी भुलाया नहीं जा सकता: उदार सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



गुरू को आदर्श मानो गुरू का उपकार कभी भुलाया नहीं जा सकता। गुरू की महिमा बताते हुए आचार्य उदार सागर महाराज ने कहा गुरु के माध्यम से ही जीवन का उत्थान होता है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज द्वारा जीवन में मिले संस्कारों को अतुलनीय बताते हुए उन्होने कहा आज जो कुछ भी मैं हूँ वह उन्हीं के आर्शीवाद का फल हे।

नगर के पार्श्वनाथ जैन अटामंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य उदार सागर महाराज ने आचार्यश्री के सानिध्य में हुई वाचना के संस्मरण सुनाए और कहा ललितपुर के श्रावक धर्म के मार्ग में सदैव आगे रहे हैं उन्होने श्रावकों से जीवन में व्रत नियमों का अच्छे से पालन करने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व धर्मसभा को संघस्थ मुनि उपशान्त सागर महाराज ने सम्बोधित करते हुए गुरु की महिमा बताई और कहा जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं। धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख श्रेष्ठीजनों ने दीपप्रज्ज्वलित कर किया। जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री ससंघ चरणों में श्रीफल अर्पित करते हुए आर्शीवाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया।

प्रातःकाल आचार्य उदारसागर महाराज अपने संघस्थ मुनि उपशान्तसागर महाराज, एलक श्री उत्साह सागर महाराज एवं क्षुल्लक महाराज के साथ ससंघ पदविहार करते हुए ललितपुर नगर सीमा पर पहुंचे जहां पंचायत के पदाधिकारियों ने गाजेबाजे के साथ अगुवाई की। नेहरूमहाविद्यालय से मवेशी बाजार होते हुए आचार्य श्री ससंघ की पार्श्वनाथ जैन अटामदिर में आचार्यश्री ससंघ की अगुवाई हुई जहां जैन पंचायत के अध्यक्ष डा अक्षय टडैया, श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया,मदिर प्रबंधक अजय जैन गंगचारी, मनोज जैन बबीना, त्यागीव्रती संयोजक अमित जैन सरार्फ ने पादप्रक्षालन कर अगुवाई की। महिला संगठनों ने अनीता मोदी, उमा सैदपुर, सुमन जैन आदि ने रंगोली सजाकर भक्ति प्रदर्शित की। आचार्य विद्यासागर व्यायामशाला के स्वयंसेवकों ने अध्यक्ष रिंकू पाय की अगुवाई में विहार कराया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जैन पंचायत पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन अंचल, ज्ञानचंद इमलिया, कपूरचंद लागौन, महेन्द्र जैन मयूर, अखिलेश जैन गदयाना, जिनेन्द्र जैन डिस्को,मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, धन्यकुमार जैन, अनंत सराफ, विमल जैन पीहर साडी, संजीव जैन लकी, महेन्द्र सराफ वैद्य, प्रवीण गुरूवर शशांक जैन एड आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

'हरिभूमि' द्वारा उठाई गई आवाज का आखिरकार असर हुआ

# दत्तक पुत्र से मुक्त हुआ पीएम आवास, बेघर हुए बुजुर्ग दंपती को फिर मिला अपना आशियाना





पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पीड़ित

74 वर्षीय बुजुर्ग दंपती को दत्तक पुत्र ने घर से निकाला, प्रधानमंत्री आवास में जड़ दिया ताला

क्या है पूरा मामला?

प्रशासन की बेरुखी, कागजों में सिमटी कार्रवाई

अधिकारियों ने साधी चुप्पी पल्ला झाड़ा जिम्मेदारी से

इनका कहना है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

अन्याय के खिलाफ 'हरिभूमि' द्वारा उठाई गई आवाज का आखिरकार असर हुआ है। माचलपुर नगर में अपने ही दत्तक पुत्र और बहू के अत्याचारों से तंग आकर दर-दर भटक रहे बुजुर्ग दंपति वाहिद शाह और जन्नत बी को अब उनका अपना आशियाना वापस मिल गया है। बुजुर्ग दंपति ने शिकायत की थी कि उनका दत्तक पुत्र शरीफ और बहू शब्बो बी उनके साथ न केवल गाली-गलौच करते थे, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी देते थे। इन लोगों ने बुजुर्गों को मिले 'प्रधानमंत्री आवास' योजना के तहत बने मकान पर भी जबरन कब्जा कर रखा था। लंबे समय तक प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी जब बुजुर्गों को न्याय नहीं मिला, तो उन्होंने 'हरिभूमि' का दरवाजा खटखटाया।

### प्रशासन की नींद टूटी पुलिस ने दिखाई सख्ती

'हरिभूमि' में इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमा हरकत में आया। खबर के असर से दबाव बढ़ा और प्रशासनिक अमले ने मामले को गंभीरता से लिया। कस्बा पटवारी द्वारा बनाए गए पंचनामे और पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत दर्ज मामले के बाद कार्रवाई तेज हुई।

### मुस्कुराया बुजुर्ग दंपति का चेहरा

प्रशासन की मौजूदगी में दत्तक पुत्र से मकान खाली करवाया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बुजुर्ग दंपति को उनका घर पुनः सौंप दिया गया। अपना आशियाना वापस पाकर वाहिद शाह और जन्नत बी की आंखें भर आईं। उन्होंने अपनी पीड़ा को समाज के सामने लाने और न्याय दिलाने के लिए 'हरिभूमि' का विशेष आभार व्यक्त किया है।


### जनता की आवाज बना हरिभूमि

एक बार फिर 'हरिभूमि' ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यह साबित कर दिया है कि वह पीड़ितों के साथ खड़ा है। अगर किसी के साथ अन्याय नहीं हो रहा है, तो उसकी आवाज को जनता तक पहुंचाने के लिए हरिभूमि पीड़ितों की सहायता करने के लिए तत्पर है।

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण का शुभारंभ

# गांवों की जरूरत के अनुरूप होंगे विकास कार्य, रोजगार के साथ प्राकृतिक संसाधनों का होगा संरक्षणः नागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रधानमंत्री के संकल्प 'विकसित भारत' को साकार करने की दिशा में आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के ग्राम मुक्कावरिपल्ली से 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबी- जीराम जी) का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया गया। इसका सीधा प्रसारण देशभर में देखा गया। इसी क्रम में राजगढ़ जिले का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत राजगढ़ के ग्राम गोपालपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने योजना की भूमिका रखते हुए कहा कि 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' ग्रामीण विकास का एक समग्र अभियान है। इस योजना के माध्यम से गांवों में रोजगार सृजन, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आजीविका संवर्धन के कार्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप किए जाएंगे। योजना में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। फसल कटाई एवं कृषि कार्य के व्यस्त समय में मजदूरी कार्यों का दबाव न रहे, इसके लिए कार्यों के निर्धारण में भी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ होगा विकास

राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ गांवों के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सांसद नागर ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि गांव के विकास की प्राथमिकताएं स्वयं ग्रामवासी तय करेंगे। ग्राम पंचायतों की भागीदारी से गांवों की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। योजना के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### क्या है विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)

यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ टिकाऊ एवं स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर केंद्रित है। योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की भागीदारी से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, भूमि विकास, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो तथा गांव आत्मनिर्भर बन सकें।कार्यक्रम के दौरान संबल योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सरपंचों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की सहभागिता रही।

सारंगपुर-शुजालपुर मार्ग पर घटना

# मारुति वैन और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार को सारंगपुर-शुजालपुर मार्ग स्थित अय्यापुर जोड़ पर मारुति वैन और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि वैन चालक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना की सूचना मिलते ही सलसलाई थाना क्षेत्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। तब तक ग्रामीणों की सहायता से गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार अरुण पिता महेश राजपूत, निवासी गोदना को निजी वाहन से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण अरुण ने दम तोड़ दिया। वहीं मारुति वैन सवार प्रहलाद पिता गणपत, निवासी मूलीखेड़ी (आष्टा) भी हादसे में घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# सिविल, मैकेनिकल, केमिकल सहित चार ब्रांचों में प्रवेश के लिए निशुल्क पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुछ शेष बची सीटों में अहरकारी परीक्षा 10वी के आधार पर प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए पंजीयन 04 जुलाई से प्रारंभ किए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन उपरान्त प्रवेश के लिए 06 जुलाई को छात्र-छात्राएं संस्था में स्वयं उपस्थित होकर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश उपरांत छात्र-छात्राएं निम्नानुसार छात्रवृत्ति का लाभ पात्रता अनुसार प्राप्त कर सकेंगे। दिव्यांग छात्र छात्राओं को एआईसीटीई सक्षम स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। छात्राओं को एआईसीटीई प्रगति स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना एवं अन्य। साथ ही कोविड-19 की वजह से माता या पिता दोनों की दिवंगत होने पर, आर्म्ड और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्सेस में शहीद हुए जवानों के बच्चों को एआईसीटीई स्वनाथ स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 50 हजार रूपए की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। छात्र दृछात्राओं को एआईसीटीई यशस्वी स्कालरशिप स्कीम अंतर्गत 30 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। अध्यनरत विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने हेतु कोचिंग ध्आवश्यक किताबें तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाएगी। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र- छात्राए संस्था में प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना निःशुल्क पंजीकरण करा सकते है।

# पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन में जिलेभर में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। इसी क्रम में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में थाना सारंगपुर पुलिस ने बुधवार की दरमियानी रात अलग-अलग टीमों का गठन कर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा गौवंश वध अधिनियम से जुड़े मामलों में फरार आरोपियों की तलाश की। अभियान के दौरान पुलिस को कई मामलों में सफलता मिली।

**एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार आरोपी :** अपराध क्रमांक 295/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी रईस काला पिता सत्तार खां निवासी वार्ड क्रमांक 4 गोलावाड़ी, सारंगपुर को गिरफ्तार किया गया, वही आरोपी वकील उर्फ वकीला पिता सत्तार खां निवासी बिरजावाड़ी, सारंगपुर, जावेद पिता यूनुस खां निवासी झोपड़ी मोहल्ला, पिंजारा बाखल, सारंगपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया। वही अन्य गिरफ्तारी में फरार आरोपी आमिन खां पिता इनुवा उर्फ यूनुस अली (28 वर्ष), निवासी पटेलवाड़ी, सारंगपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का उल्लंघन करने पर थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 511/2026 के तहत रामबाबू पिता लक्ष्मीनारायण पुष्पद निवासी तारागंज के विरुद्ध धारा 122 जाफौ./141 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अभियान में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी, उपनिरीक्षक राहुल सेंधव,आरक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, बनवारी गुर्जर, मुकेश भिलाला तथा महिला आरक्षक दीपिका सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

# पैर फिसलने से खाल में डूबी महिला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम मेलखेड़ी निवासी 40 वर्षीय महिला कलांबाई सौंधिया की पैर फिसलने से खाल यानी तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मेलखेड़ी निवासी लक्ष्मीनारायण सौंधिया की पत्नी कलांबाई अपने पुत्र के साथ खेत पर दवा छिड़कने का काम कर रही थीं। इसी दौरान मां-बेटा पानी की केन भरने के लिए खाल/तालाब पर गए। बेटा पानी भरकर खेत की ओर लौट गया। जब कलांबाई पानी भर रही थीं, तभी उनका पैर फिसल गया और वे खाल में गिर गईं। बेटे ने जब पीछे मुड़कर देखा तो मां नजर नहीं आईं। वह तुरंत खाल पर पहुंचा, लेकिन तब तक महिला की डूबने से मौत हो चुकी थी। परिजन उन्हें खाल से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल लाए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच एसआई संतोष सिंह कर रहे हैं। लक्ष्मीनारायण सौंधिया के परिवार में पत्नी के अलावा दो अविवाहित पुत्र और एक बुजुर्ग महिला हैं।

# तीसरी पत्नी के साथ रह रहे जेई के घर हाई वोल्टेज ड्रामा, दूसरी पत्नी के पहुंचते ही मच गया बवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर की मुंदड़ा कॉलोनी में गुरुवार को विद्युत विभाग में पदस्थ एक जूनियर इंजीनियर (जेई) के पारिवारिक विवाद ने हाई वोल्टेज ड्रामे का रूप ले लिया। दूसरी पत्नी के अचानक घर पहुंचने पर तीसरी पत्नी के साथ उसका आमना-सामना हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच कहासुनी, गाली-गलौज और हाथापाई की नौबत आ गई। घटना से कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग में पदस्थ जेई सुबोध कुमार मुंदड़ा कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह पहले से दो विवाह कर चुका है और वर्तमान में तीसरी महिला के साथ रह रहा था।

इसी बीच दूसरी पत्नी को इसकी जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंच गई। घर में तीसरी महिला को देखकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट तक पहुंच गया। घटना के दौरान घर के बाहर शोर-शराबा और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। स्थिति बिगड़ती देख कालोनी निवासी ने डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर थाने ले गई, जिसके बाद मामला शांत हो सका। थाना प्रभारी हुकमचंद मीणा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बाइक एवं पैदल राहगीरों को बमुश्किल हाट परिसर तक पहुंचना पड़ा

# लाखों खर्च कर बने नए हाट बाजार में कीचड़, जूझे लोग

### खिलचीपुर नाका तालाब परिसर में सीमेंट कांक्रीट एवं रिक्त जगह मुरुम डालकर शुरू किया था बाजार, बारिश में हाल बेहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर का साप्ताहिक हाट-बाजार पूर्व में स्टेडियम परिसर सहित इंदर चैराहा से आवास कॉलोनी मुख्य मार्ग पर लगता था, जहां आवागमन और दुकानदारों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने से भारी परेशानी होती थी।

बारिश के दौरान स्टेडियम परिसर में कीचड़ ही कीचड़ हो जाता था, जिससे दुकानदारों एवं सब्जी व अन्य सामान खरीदने वालों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ता था। इस स्थिति से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर परिषद ने लाखों रुपए खर्च कर खिलचीपुर नाका के समीप तालाब परिसर में नया हाट बाजार शुरू किया था। यहां सीमेंट-कांक्रीट के अलावा खाली पड़ी जगह पर नगर परिषद द्वारा मुरुम डाली गई थी, जिसे करीब तीन सप्ताह बाद फैलाया गया। लेकिन दिनांक 01 जुलाई 2026 को लगे साप्ताहिक हाट-बाजार में स्थिति बहुत खराब रही। बारिश के कारण मुरुम कीचड़ में तब्दील हो गई और लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई। भारी अव्यवस्था से लोग जूझते रहे। बाइक एवं पैदल राहगीरों को बमुश्किल हाट परिसर तक पहुंचना पड़ा। कई लोग फिसल भी गए और उनके कपड़े व सामान गंदे हो गए। समाचार पत्र के माध्यम से नगर परिषद के संज्ञान में यह मामला पिछले सप्ताह लाया जा चुका है।

दुकानदारों और खरीदारों ने मांग की है कि हाट परिसर में स्थायी समाधान के लिए शेष परिसर में सीमेंट कांक्रीट या पेवर ब्लॉक लगाया जाए, ताकि बारिश में भी बाजार सुचारू रूप से लग सके। हाट बाजार के बाहर मुख्य सड़क मार्ग से अन्दर तक जाने वाले रास्ते को खुला रखा जायें ताकि आवागमन में बाधा नहीं हो इस समस्या से भी नगर परिषद को समाचार पत्र के द्वारा संज्ञान में लाया गया लेकिन कतिपय हाथ ठेले आवागमन में बाधक बने रहें।

मनमाने बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान

# किन्नर के साथ विभाग के कर्मचारियों ने की झूमाझटकी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में इन दिनों बिजली उपभोक्ता बिजली विभाग की मनमानी के कारण त्रस्त है विभाग में बैठे कर्मचारी अधिकारी अपनी मनमानी हटधार्मिता से बाज नहीं आ रहे स्मार्ट मीटर एवं साधे मीटर वाले उपभोक्ता मनमाने बिजली बिल से बेहद परेशान हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है अगर कोई उपभोक्ता हिम्मत करके बिजली बिल सुधारने या बड़े हुए बिजली की शिकायत लेकर बिजली कार्यालय जाता हैं तो उनकी समस्या सुनने की वजह उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता हैं और धमकी दी जाती है कि अब वापस आ गए तो शासकीय बाधा के मामले में कार्यवाही करवा दी जाएगी। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को सामने आया, जहा बिजली उपभोक्ता ममता बाई गुरु प्रवीण किन्नर बिजली कनेक्शन क्रमांक 2827007120 का महा जून का बिल 4893 रुपए का दिया गया और पिछले महीने का 7691 का बकाया बताया गया। जबकि पिछले माह का बिल उपभोक्ता को नहीं दिया गया जबकि बड़े हुए बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता बिजली घर पहुंची तो उसके साथ सरेआम अभद्र व्यवहार किया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं।बिजली उपभोक्ता अपने साथ हुए अपमान एवं बड़े हुए बिजली बिल की शिकायत लेकर संबंधित पुलिस थाने पहुंची एवं एसडीएम एसडीओपी एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के नाम आवेदन देकर न्याय की मांग की तथा एक प्रति हमारे संवाददाता को भी उपलब्ध कराई। उल्लेखनीय यह है कि नगर में बिजली बिल से कई लोग त्रस्त हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इतना नहीं जिस उपभोक्ता के साथ बिजली विभाग में अभद्र व्यवहार किया उक्त उपभोक्ता का नगर में ममता अंटी के नाम से सभी समाज के लोग सम्मान करते हैं तथा हर धार्मिक कार्य में बढ़चढकर हिस्सा लेती हैं।अपने साथ हुए अपमान को लेकर मीडिया के सामने रोते हुए ब्यौरा दिया।अब देखना यह है कि विद्युत मंडल द्वारा दिया गया बिजली बिल सही है या उपभोक्ता सही है।यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन जन चर्चा है कि विद्युत मंडल द्वारा आम उपभोक्ता के साथ जमकर मनमानी की जा रही हैं।

### इनका कहना है...

खपत के अनुसार बिजली बिल दिए जा रहे हैं फिर भी कोई बिल में त्रुटि है तो सुधार किया जाएगा। घटना की मुझे जानकारी नहीं है।

**-सत्यप्रकाश मिश्रा**, सहायक यंत्री मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी सारंगपुर।